श्रीराम फार्म सोल्यूशंस के एग्री-इनपुट लांच

नई दिल्ली। सदन डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की एक यूनिट श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने विशिष्ट पोषण एवं फसल सुरक्षा में नए एग्री-इनपुट्स को लांच किया। संजय छाबड़ा, प्रेजीडेंट एवं बिजनेस हैड, श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने कहा, श्रीराम फार्म सोल्यूशंस ने किसानों को उनकी उत्पादकता बढ़ाने में मदद करने के लिए ये उत्पाद पेश किए हैं। स्पेशलटी न्यूट्रिशन में लांच किए गए दो आधुनिक उत्पाद श्रीराम जेन-जैड एवं श्रीराम जिन ड्रिप हैं। जैन-जैड आधुनिक पीढ़ी का बायो स्टिमूलेंट है। जैन-जैड द्वारा पौधा जैविक एवं अजैविक तनाव को सहन करने लायक बनता है तथा उत्कृष्ट परफोर्मेंस दे सके। जिन ड्रिप, यूरोप से स्मार्ट लो तकनीक द्वारा पावर्ड जिंक संस्पेंशन उत्पाद है, जो बेहतर संस्पेंशन क्षमता, स्प्रे दक्षता और पोषण प्रदान करता है। साथ ही दो खरपतवारनाशक श्रीराम कोपिस और श्रीराम शासक का लांच किया गया है जो सोयाबीन के किसानों के लिए मददगार हैं और 7 से 14 दिनों के अंदर खरपतवार को नष्ट कर देते हैं।